Washim District Police

Nature of Work :- **Recovery of stolen property**

Police Station :- **Local Crime Branch, Washim**

Date of Good Work done :- **17/10/2022**

Brief of the work done :-

चोरीच्या गुन्हयातील 07.20 लाखांचा मुद्देमाल जप्त.

कार्रवाई | अपराध शाखा ने फरार हुए आरोपियों को 12 घंटे में दबोचा

नकदी समेत 7.20 लाख का माल ज़ब्त

जिला प्रतिनिधि | वाशिम

फोटोग्राफी का व्यवसाय करनेवाले व्यक्ति की दुपहिया की डिक्की से 8 लाख 25 हज़ार रुपए निकलकर फरार हुए आरोपी को स्थानीय अपराध शाखा के दल ने मात्र 12 घंटे के भीतर दबोचते हुए उसके कब्जे से चोरी की गई राशि में से 6 लाख 70 हज़ार रुपए नकदी समेत कुल 7 लाख 20 हज़ार रुपए का माल भी बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 12 अक्टूबर को वाशिम शहर पुलिस स्टेशन में स्थानीय सिंधी कैम्प निवासी प्रकाश धमानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की उनका फोटोग्राफी का व्यवसाय है और इस व्यवसाय के लिए उन्होंने मल्टीपल कैमेरा लेने हेतु 8 लाख 25 हज़ार रुपए जमा किए।

गत 10 अक्टूबर को जब वे अपनी दुकान में पैसे गिन रहे थे की इस दौरान शंकर चांदवाणी दुकान पर आया और कुछ समय वहां रुकने के बाद वापस लौट गया। बाद में वे अपनी दुपहिया क्रमांक एमएच 37 एए 8116 की डिक्की में नकदी 8 लाख 25 हजार रुपए एक थैली में रखकर घर जाने के लिए निकले और रस्ते में गोदावरी दुध डेअरी के पास दुपहिया खड़ी कर दुध लेने गए। इस समय स्थानीय सिंधी कैम्प निवासी शंकर चांदवाणी दुपहिया की डिक्की में रखे 8 लाख 25 हजार रुपए निकालकर वहां से फरार हो गया। उसका पीछा किया गया लेकिन वह नहीं मिला। बाद में फरियादी और परिजनों ने उसे तलाश किया लेकिन उसके न मिलने से वाशिम शहर पुलिस स्टेशन में 12 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इस मामले में पुलिस ने भादंवि की धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरु कर दी। स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक शब्बीर पठान, पुना अमोल इंगोले, श्रीराम नागलकर, पुकां किशोर खंडारे के पथक द्वारा समांतर जांच शुरु रहने स्थानीय अपराध शाखा के दल ने प्राप्त गोपनिय सूचना के आधार पर आरोपी शंकर गोविंदराम चांदवाणी तथा सेक्युरा हास्पिटल के पीछे रहनेवाले मनोज शिंदे को हिरासत में लिया गया। दल ने उनके कब्जे से 50 हजार रुपए मूल्य की दुपहिया क्रमांक एमएच 37 एए 8116 व नकदी 6 लाख 70 हजार रुपए समेत 7 लाख 20 हजार ज़ब्त किए गए।

इन्होंने की कार्रवाई

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक सोमनाथ जाधव के दल में शामिल पुलिस उपनिरीक्षक शब्बीर पठान, पुना अमोल इंगोले, श्रीराम नामुलकर, पुकां किशोर खंडारे ने की।